दुखो से उबरना,
तुम्ही ने सिखाया,
पड़ी मुश्किलें जब,
तुमने ओ बाबा,
मेरे हौंसले को,
हमेशा बढ़ाया,
दुखों से उबरना,
तुम्ही ने सिखाया।।

तर्ज मुझे श्याम अपने गले।

उलझने जब बढ़ी,
तेरा सुमिरन किया,
तेरे सुमिरन से ही,
उलझने हल किया,
तेरे जाप से मुझको,
मिली ऐसी शक्ति,
मुसीबत में भी मैं,
नहीं घबराया,
दुखों से उबरना,
तुम्ही ने सिखाया।।

वक़्त के साथ में,
है बदलते सभी,
तुम मेरे सांवरे,

ना बदलना कभी,
किया याद जब भी,
तुझे श्याम मैंने,
खड़ा सामने अपने,
तुझको ही पाया,
दुखों से उबरना,
तुम्हीं ने सिखाया।।

बेफिकर मैं जियूँ,
जबसे तू है मिला,
संग मेरे चल रहा,
खुशियों का सिलसिला,
कभी आँख में मेरी,
आया जो आंसू,
ना रोने दिया कुंदन,
मुझको हंसाया,
दुखों से उबरना,
तुम्हीं ने सिखाया।।

दुखो से उबरना,
तुम्हीं ने सिखाया,
पड़ी मुश्किलें जब,
तुमने ओ बाबा,
मेरे हौंसले को,
हमेशा बढ़ाया,
दुखों से उबरना,
तुम्हीं ने सिखाया।।

Singer Juli Singh (Prayagraj)

Source: https://www.bharattemples.com/dukho-se-ubarna-tumhi-ne-sikhaya/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw